Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

## सितम्बर भाग-1 2022



Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-1

1. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. व्हेल शार्क की IUCN स्थिति लुप्तप्राय है।
   2. महासागर: जीवन और आजीविका, अंतर्राष्ट्रीय व्हेल शार्क दिवस 2022 का विषय है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

2. 'क्लाउड सीडिंग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. सिल्वर आयोडाइड क्लाउड सीडिंग में सहायता के लिये संक्षेपण नाभिक के रूप में कार्य करता है।
   2. क्लाउड सीडिंग का उपयोग सर्दियों की बर्फबारी को बढ़ाने के लिये एक विधि के रूप में किया जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. 2 केवल
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

3. "भारतीय नौसेना ध्वज" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. वर्तमान ध्वज के ऊपरी बाएँ कोने (कैंटन) में तिरंगे के साथ सेंट जॉर्ज क्रॉस मौजूद है।
   2. वर्ष 2014 में, देवनागरी लिपि में अशोक चिन्ह के नीचे ध्वज पर 'सत्यमेव जयते' शब्द अंकित किया गया था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

4. साइबर सुरक्षा अभ्यास 'सिनर्जी' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित किया गया है।
   2. भारत की ओर से केवल CERT-In ने इस अभ्यास में भाग लिया है।
   3. यह रैनसमवेयर और जबरन वसूली के उद्देश्य से किये गए साइबर हमलों के खिलाफ सुदृढ़ नेटवर्क बनाने हेतु सदस्य-देशों के बीच विभिन्न रणनीतियों एवं कार्यप्रणालियों का आकलन व आदान-प्रदान करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2
   C. केवल 3
   D. केवल 1, 2 और 3

5. अल्पसंख्यक समूहों के शिक्षण संस्थानों की स्थापना और प्रशासन का अधिकार भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में निहित है?

   A. अनुच्छेद 30
   B. अनुच्छेद 29
   C. अनुच्छेद 28
   D. अनुच्छेद 27

नोट :

6. 'लौह अयस्क' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हेमेटाइट सबसे अच्छा लौह अयस्क है, इसके बाद मैग्नेटाइट का स्थान आता है।
2. लिमोनाइट अधिकतम अशुद्धियों वाला लौह अयस्क है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

7. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. NCRB की स्थापना राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) की सिफारिशों के आधार पर की गई थी।
2. इसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के नियंत्रण में स्थापित किया गया था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

8. हाल ही में पेरेस्त्रोइका (Perestroika) शब्द चर्चा में था, यह निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

1. यह पूर्ववर्ती सोवियत संघ में आर्थिक और राजनीतिक सुधारों से संबंधित है।
2. यह रूस के सुपरसोनिक मिसाइल सिस्टम का एक रूप है।
3. यह भारत, चीन और रूस के बीच सैन्य अभ्यास है।
4. यह रूस और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को कम करने की एक संधि है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 2
D. केवल 1 और 4

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. टी-कोशिकाएँ वे कोशिकाएँ होती हैं जो कोशिकाओं में विसंगतियों और संक्रमणों का पता लगाने के लिये शरीर में संचरित होती हैं।
2. ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस (HIV) शरीर में प्रवेश करने के बाद खुद को गुणित करता है और CD4 कोशिकाओं को नष्ट कर देता है।
3. HIV की वयस्क प्रसार दर राजस्थान में सबसे अधिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

10. क्रि-मैक (क्राइम मल्टी एजेंसी सेंटर) प्लेटफॉर्म के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. यह वास्तविक समय के आधार पर देश भर में मानव तस्करी सहित महत्त्वपूर्ण अपराधों के बारे में जानकारी के प्रसार की सुविधा प्रदान करता है और अंतर-राज्य समन्वय को सक्षम बनाता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

11. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे 'कौशल भारत मिशन' के तहत संचालित किया जाता है।
2. इसका उद्देश्य समाज में बेहतर आजीविका और सम्मान के लिये भारतीय युवाओं का व्यावसायिक प्रशिक्षण और प्रमाणन करना है।
3. इसे राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

12. हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन का तेज़ी से अंगीकरण और निर्माण (FAME) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना का एक हिस्सा है।
2. इसका उद्देश्य सभी प्रकार के वाहनो को प्रोत्साहित करना है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

13. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के बेलआउट पैकेज के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह देशों को भुगतान संतुलन की समस्याओं को हल करने में मदद करता है।
2. हाल ही में IMF ने श्रीलंका के लिये बेलआउट पैकेज को मंज़ूरी दी है।
3. इस पैकेज प्राप्त करने वाले देश की ऋण पात्रता बाधित हो सकती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

14. निम्नलिखित में से किस एक समूह में चारों देश G20 के सदस्य हैं?

A. मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब और सिंगापुर

B. तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ

C. अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील और दक्षिण कोरिया

D. चीन, फ्राँस, जर्मनी और मलेशिया

15. मोटे अनाज के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन्हें पोषक अनाज के रूप में भी जाना जाता है।
2. इनकी विशेषताओं में सूखा सहिष्णुता, प्रकाश-असंवेदनशीलता और जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन शामिल हैं
3. इसका उपयोग पशु और मुर्गीयों के चारे के रूप में किया जा सकता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. केवल 1, 2 और 3

16. निम्नलिखित में से कथनों कौन-सा/से सही है/हैं?

1. भारत और सूडान के मध्य लाल किले की घोषणा पर हस्ताक्षर किये गए।
2. भारत और सूडान दोनों ही स्क्वायर किलोमीटर ऐरे ऑब्जर्वेटरी (SKAO) के सदस्य हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

17. 'यूनिसेफ' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह 'बाल अधिकारों पर अभिसमय, 1989' द्वारा निर्देशित है।
2. 'विकास कार्यक्रम में महिला' यूनिसेफ की एक पहल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 124A के तहत देशद्रोह एक अपराध है।
2. राजद्रोह कानून के तहत आरोपित व्यक्ति गिरफ्तारी के 3 महीने के भीतर अंतरिम जमानत के लिये आवेदन कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

19. इन्फ्लेटेबल एरोडायनामिक डिसेलेरेटर (IAD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वायुमंडल से नीचे गिरने वाली किसी वस्तु को गति प्रदान करने में सहायता करता है।
2. इसे इसरो के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC) द्वारा विकसित किया गया है।
3. रॉकेट के स्पेंट स्टेज रिकवरी में आने वाली लागत को प्रभावी रूप से कम कर सकता है,अत: विभिन्न अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के संबंध में इस क्षेत्र में व्यापक संभावनाएँ विद्यमान हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

20. भारत में जमानत प्रावधानों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नियमित जमानत देश के भीतर किसी भी न्यायालय द्वारा एक ऐसे व्यक्ति को रिहा करने का निर्देश है, जो पहले से ही गिरफ्तार है और पुलिस हिरासत में रखा गया है।
2. अंतरिम जमानत एक व्यक्ति को गिरफ्तार होने से पहले ही जमानत पर रिहा करने के लिये जारी एक निर्देश है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

21. 'स्वदेशी आंदोलन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्वदेशी आंदोलन दिल्ली दरबार के खिलाफ शुरू हुआ।
2. वी. ओ. चिदंबरम पिल्लई ने मद्रास में स्वदेशी आंदोलन में बहुत योगदान दिया।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

22. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. रचनात्मक अर्थव्यवस्था की अवधारणा वर्ष 2001 में जॉन हॉकिन्स द्वारा दी गई थी।
2. रचनात्मक वस्तु और सेवाएँ दोनों ही भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

23.. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 में संघ तथा राज्यों के लिये लोकपाल की स्थापना का प्रावधान है।
2. लोकपाल के निकाय में एक अध्यक्ष और अधिकतम आठ सदस्य होते हैं।
3. भारत का राष्ट्रपति लोकपाल के सदस्यों की नियुक्ति करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

24. प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (PM-SHRI) योजना के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य केंद्र सरकार/राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकार/स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों में से चयनित मौजूदा स्कूलों को मज़बूत करना है।
2. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

25. साइबर सुरक्षित भारत के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह गृह मंत्रालय की एक पहल है।
2. इसका उद्देश्य साइबर अपराध के बारे में जागरूकता का विस्तार करना है।
3. कोई भी व्यक्ति सरकार द्वारा प्रदान की गई पाठ्यक्रम का लाभ उठा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

26. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. कुशियारा नदी बांग्लादेश में प्रवाहित होती है और बराक नदी से निकलती है।
2. कुशियारा नदी बांग्लादेश के सिलहट ज़िले और भारत के असम के बीच की सीमा बनाती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

27. ब्राह्मी लिपि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान के अनुसार संघ की आधिकारिक भाषा ब्राह्मी लिपि में हिंदी होगी।
2. ब्राह्मी लिपि की उत्पत्ति देवनागरी लिपि से हुई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

28. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन 'विश्व सामाजिक सुरक्षा रिपोर्ट' प्रकाशित करता है?

A. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

B. विश्व स्वास्थ्य संगठन

C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

D. विश्व आर्थिक मंच

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के अनुसार, भारत में निवारक निरोध के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है।
2. निवारक निरोध की अवधि दो वर्ष तक होती है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

30. "पार्टिकुलेट मैटर (PM)" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पार्टिकुलेट मैटर को कणकीय प्रदूषण भी कहा जाता है।
2. पार्टिकुलेट मैटर केवल रसायनों की जटिल प्रतिक्रियाओं का परिणाम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

31. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. लीजियोनेयर्स एक इबोला जैसी बीमारी है जो हल्के बुखार से लेकर गंभीर और कभी-कभी घातक निमोनिया के रूप में गंभीरता में, भिन्न होती है।
2. यह बीमारी एस्बेस्टस धूल के साँस लेने से होती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

32. 'राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (NCDC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण की सुविधा हेतु एक नोडल एजेंसी है।
2. NCDC विभिन्न संचारी रोगों के प्रकोप की जाँच करता है साथ ही नियंत्रण रणनीतियों के लिये सिफारिशें करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

33. पेरिस समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पूर्व-उद्योग स्तरों की तुलना में ग्लोबल वार्मिंग को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे तक सीमित करने का प्रयास करता है।
2. यह देशों द्वारा की जाने वाली तेज़ी से महत्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई के 5 वर्ष के चक्र पर कार्य करता है।
3. इस समझौते के लगभग सभी हस्ताक्षरकर्त्ताओं ने COP26 के दौरान अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को अद्यतन किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

34. मूलभूत शिक्षण सर्वेक्षण (FLS) निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?

A. नीति आयोग

B. शिक्षा मंत्रालय

C. विश्व बैंक

D. संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ)

35. "रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR)" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'सुपरबग' वे सूक्ष्मजीव हैं जो रोगाणुरोधी प्रतिरोध विकसित करते हैं।

2. यह तब होता है जब सूक्ष्मजीवों में समय के साथ परिवर्तन होता है और मानक उपचार अप्रभावी हो जाता हैं।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. 2 केवल

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

36. 'जीविका (JEEViKA')' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बिहार ग्रामीण आजीविका परियोजना (BRLP), जिसे स्थानीय रूप से जीविका के रूप में भी जाना जाता है, अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक कोष द्वारा समर्थित है।

2. बिहार कोसी फ्लड रिकवरी प्रोजेक्ट (BKFRP) आजीविका बहाली और संवर्धन घटक को भी जीविका में शामिल किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

37. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. चीनी और रूसी शंघाई सहयोग संगठन की दो आधिकारिक भाषाएँ हैं।

2. प्रयागराज को वर्ष 2022-23 के लिये शंघाई सहयोग संगठन क्षेत्र की पहली "पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी" के रूप में चुना गया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

38. "रेड इयर्ड स्लाइडर टर्टल्स" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दक्षिण-पूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका की मूल प्रजाति है।

2. वे उच्च स्तर के कार्बनिक प्रदूषको को सह सकते हैं।

3. यह प्रजाति अन्य स्थानीय कछुओं की प्रजातियों की तुलना में धीमी गति से प्रजनन करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

39. चोल वंश के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. चोल शासन के दौरान, प्रांतों को मंडलम के रूप में जाना जाता था।
    2. चोल राजवंश ने तांडव नृत्य मुद्रा में नटराज की मूर्ति को बहुत महत्त्वपूर्ण माना क्योंकि यह निर्माता के रूप में शिव की भूमिका से मिलता जुलता है।
    3. चोल साम्राज्य के बाद के चरण में उन्होंने भूदेव या पृथ्वी देवी को विष्णु की छोटी पत्नी के रूप में पालन करना शुरू कर दिया।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2
    C. केवल 3
    D. 1, 2 और 3
40. सुभाष चंद्र बोस के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. उन्होंने सविनय अवज्ञा आंदोलन के निलंबन और गांधी-इरविन समझौते पर हस्ताक्षर करने का समर्थन किया।
    2. उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 'फ्री इंडियन लीजन' सेना का गठन किया।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2
41. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
    1. आईटी अधिनियम की धारा 69(A) केवल केंद्र सरकार को किसी भी कंप्यूटर संसाधन में उत्पन्न, प्रेषित, प्राप्त या संग्रहीत किसी भी जानकारी को इंटरसेप्ट, मॉनिटर या डिक्रिप्ट करने की शक्ति प्रदान करती है।
    2. आईटी अधिनियम में 'मध्यस्थ' शब्द में दूरसंचार सेवा, नेटवर्क सेवा और इंटरनेट सेवा के प्रदाता शामिल हैं।

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2
42. 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इस सरकारी पहल में नि-क्षय मित्र पहल शामिल है।
    2. वर्ष 2030 तक टीबी को समाप्त करने के एसडीजी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये यह पहल शुरू की गई है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2
43. " परमाणु अप्रसार संधि (Non-Proliferation Treaty-NPT)" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. भारत ने वर्ष 1974 में ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्धा के बाद NPT पर हस्ताक्षर किये।
    2. NPT के तहत परमाणु-हथियार वाले देशों को 1 जनवरी, 1967 से पहले परमाणु विस्फोटक उपकरणों का निर्माण करने वाले समूह/देशों के रूप में परिभाषित किया गया है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

44. भारतीय सैन्य अभ्यास के संबंध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | सैन्य अभ्यास | देश |
|---|---|---|
| 1. | समुद्र शक्ति अभ्यास | अमेरिका |
| 2. | टाइगर ट्रायम्फ अभ्यास | रूस |
| 3. | गरुड़ शक्ति अभ्यास | इंडोनेशिया |
| 4. | वज्र प्रहार अभ्यास | इज़रायल |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

A. केवल एक युग्म

B. केवल दो युग्म

C. केवल तीन युग्म

D. केवल चार युग्म

45. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (MGNREGA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 18 से 65 आयु वर्ग के लोग इस योजना के लिये पात्र हैं।
2. यह योजना उस परिवार को प्रति वर्ष 100 दिनों के वेतन रोज़गार की गारंटी देने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ लागू की गई थी, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

46. 'विनोबा भावे' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भूदान आंदोलन की शुरुआत विनोबा भावे ने की थी।
2. वे पहले सत्याग्रही थे जिन्होंने व्यक्तिगत सत्याग्रह की शुरुआत की थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. थाईलैंड टूटे चावल का सबसे बड़ा निर्यातक है।
2. टूटे हुए चावल कैलोरी मान और फाइबर सामग्री से भरपूर होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

48. ऑपरेशन गियर बॉक्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह छिपाई गई दवाओं का पता लगाने के लिये एक सरकारी परियोजना है।
2. वाहनों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये एक पहल।
3. इलेक्ट्रिक वाहनों के मुफ्त पंजीकरण के संबंध में एक सरकारी योजना।
4. उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिये विश्व बैंक की परियोजना।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 4
C. केवल 1
D. 1, 2, 3 और 4

49.. हाइड्रोजन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ब्राउन हाइड्रोजन का उत्पादन प्राकृतिक गैस से होता है जहाँ उत्सर्जन को वायुमंडल में निष्कासित किया जाता है।
2. ब्लू हाइड्रोजन की उत्पत्ति प्राकृतिक गैस से होती है, जहाँ कार्बन कैप्चर और स्टोरेज का उपयोग करके उत्सर्जन को कैप्चर किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

50.. 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएसवाई)' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. योजना के तहत मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की जाती है।
2. इसका उद्देश्य ग्रामीण संसाधनों का उपयोग करके ग्रामीण विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तेज़ी से बढ़ावा देना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

51. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद का गठन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा किया गया था।
2. सार्वभौमिक आवधिक समीक्षा (UPR) संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों में मानवाधिकारों की स्थिति का आकलन करता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

52. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस सूचकांक की गणना केवल खनन, विनिर्माण और विद्युत जैसे व्यापक क्षेत्रों के आधार पर की जाती है।
2. इसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

53. "प्रोजेक्ट 17, अल्फा फ्रिगेट्स (प्रोजेक्ट-17A)" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे भारतीय सेना द्वारा टैंक रोधी मिसाइलों के निर्माण के लिये लॉन्च किया गया था।
2. नीलगिरि प्रोजेक्ट-17A के तहत विकसित पहली मिसाइल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

54. निम्नलिखित में से कौन भौगोलिक संकेतक (GI) टैग का/के महत्त्व है/हैं ?

1. जब किसी उत्पाद को यह टैग मिल जाता है, तो उसे उसी नाम से कोई और नहीं बेच सकता है।
2. जीआई पंजीकरण कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है और उत्पाद के अनधिकृत उपयोग को रोकता है।
3. जीआई टैग उत्पाद के निर्यात को बढ़ावा देता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. डीम्ड विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत मान्यता प्राप्त है।
2. डीम्ड विश्वविद्यालय, अन्य नियमित विश्वविद्यालयों के समकक्ष अपने स्वयं के डिग्री कार्यक्रमों की पेशकश कर सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

56. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

1. ट्रोइका शब्द G20 के तहत अंतिम तीन अध्यक्षों के समूह को संदर्भित करता है।
2. शेरपा उन प्रतिनिधियों के लिये उपयोग किया जाने वाला शब्द है जो G20 शिखर सम्मेलन में अपने देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

57. ऑपरेशन ओलिविया निम्नलिखित में से किसके संरक्षण से संबंधित है ?

A. डॉल्फिन
B. मगरमच्छ
C. कछुआ
D. घड़ियाल

58. निम्नलिखित में से कौन-सा सैन्य अभ्यास क्वाड सदस्यों द्वारा किया जाता है ?

A. एकुवेरिन
B. इंद्र
C. मालाबार
D. हैंड इन हैंड

59. निम्नलिखित में से कौन-सा देश भारत के साथ सैन्य अभ्यास "युद्ध अभ्यास" में भाग लेता है ?

A. रूस
B. जापान
C. मलेशिया
D. संयुक्त राज्य अमेरिका

60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हड्डियों की वंशानुगत बीमारी को सिकल सेल रोग (SCD) कहा जाता है।
2. सिकल सेल रोग रक्त प्रवाह को प्रभावित करके शरीर में कैल्शियम के अवशोषण को प्रभावित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

61. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. भारत और मेक्सिको का व्यापार संतुलन मेक्सिको के पक्ष में बना हुआ है।
2. औपनिवेशिक काल में मेक्सिको स्पेन का उपनिवेश था, जबकि भारत ब्रिटेन का उपनिवेश था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

62. 'विंडफॉल टैक्स' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मौजूदा आर्थिक स्थितियों के कारण औसत से अधिक मुनाफा कमाने वाले उद्योगों पर सरकार द्वारा अप्रत्याशित कर लगाया जाता है।
2. उद्योगों पर सरकार द्वारा अप्रत्याशित कर नहीं लगाया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

63. निम्नलिखित में से कौन-सा देश अभ्यास "काकाडू" की मेज़बानी करता है?

A. मलेशिया
B. ऑस्ट्रेलिया
C. संयुक्त राज्य अमेरिका
D. जापान

64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रबड़ भूमध्यरेखीय फसल है, लेकिन विशेष परिस्थितियों में इसे उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में भी उगाया जाता है।
2. नम और आर्द्र जलवायु के साथ रबड़ को 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर की आवश्यकता होती है।
3. चीन रबर का सबसे बड़ा उपभोक्ता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

65. . एक राजनीतिक दल को राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता दी जाती है यदि:

1. यह लोकसभा/विधानसभा के आम चुनाव में वैध मतों का कम-से-कम 4% मत प्राप्त करता है।
2. यह लोकसभा में कम-से-कम 3% सीटें जीतता है और निर्वाचित उम्मीदवार तीन राज्यों से हैं।
3. इसे चार राज्यों में एक राज्य पार्टी के रूप में मान्यता प्राप्त है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

## उत्तर भाग-1

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. A | 2. C | 3. D | 4. C | 5. A |
| 6. D | 7. A | 8. A | 9. A | 10. B |
| 11. D | 12. C | 13. A | 14. B | 15. D |
| 16. D | 17. C | 18. B | 19. D | 20. A |
| 21. B | 22. C | 23. B | 24. C | 25. C |
| 26. C | 27. D | 28. A | 29. C | 30. A |
| 31. D | 32. B | 33. D | 34. B | 35. D |
| 36. B | 37. A | 38. A | 39. D | 40. B |
| 41. B | 42. A | 43. B | 44. A | 45. B |
| 46. C | 47. D | 48. C | 49. B | 50. C |
| 51. B | 52. B | 53. D | 54. D | 55. D |
| 56. B | 57. C | 58. C | 59. D | 60. D |
| 61. B | 62. A | 63. B | 64. C | 65. C |

नोट :